समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# अहमदाबाद विमान हादसे मे ATS को मिला अहम सबूत, मलबे मे मिला DVR खोलेगा हादसे का रहस्य।

Publisher
Published on 13 Jun 2025




## ब्लैक बॉक्स के बाद ATS को मिला DVR, अहम वीडियो डेटा से खुलेगा हादसे का राज।

**अहमदाबाद एयर इंडिया विमान** हादसे की जांच में बड़ा अपडेट सामने आया है। **गुजरात ATS** ने विमान के मलबे से **DVR (डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर)** बरामद किया है। इससे पहले ब्लैक बॉक्स भी बरामद किया गया था। अब ये **DVR** जांच एजेंसियों के लिए एक अहम सुराग बन सकता है, जिससे इस भीषण दुर्घटना के पीछे की वजहों का खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

**DVR क्या है और क्यों है अहम ?**
**DVR (डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर)** एक ऐसा डिवाइस होता है जो विमान के अंदर और बाहर की गतिविधियों का वीडियो रिकॉर्ड करता है। इसमें **केबिन, कॉकपिट** और अन्य हिस्सों का **वीडियो डेटा कैप्चर** होता है। इसके ज़रिए यह जाना जा सकता है कि हादसे के वक्त यात्रियों और क्रू मेंबर्स की क्या स्थिति थी, उन्होंने क्या प्रतिक्रिया दी और विमान के अंदर क्या-क्या हुआ।

हालांकि, आम जनता **DVR** को ब्लैक बॉक्स समझ लेती है, लेकिन तकनीकी रूप से **DVR ब्लैक बॉक्स** का हिस्सा नहीं होता। यह एक सहायक डिवाइस के तौर पर काम करता है।

**ब्लैक बॉक्स मे क्या होता है ?**
ब्लैक बॉक्स दो हिस्सों में बंटा होता है:

१. **FDR (फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर):** यह विमान की गति, ऊंचाई, इंजन की स्थिति, कंट्रोल इनपुट आदि डेटा रिकॉर्ड करता है।
२. **CVR (कॉकपिट वॉइस रिकॉर्डर):** इसमें पायलट के बातचीत, रेडियो कम्युनिकेशन, और कॉकपिट के अंदर के अन्य ऑडियो सिग्नल रिकॉर्ड होते हैं।

ये दोनों मिलकर ब्लैक बॉक्स बनाते हैं, जो हर विमान का जरूरी हिस्सा होता है। **DVR** एक **ऐड-ऑन डिवाइस** के तौर पर **वीडियो रिकॉर्डिंग** करता है, जो कि सभी विमानों में अनिवार्य नहीं है।

जांच को मिल सकता है नया मोड़
**गुजरात ATS ने DVR** को कब्जे में लेकर **FSL (फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी)** को सौंपने की तैयारी कर ली है। जांच एजेंसियों को उम्मीद है कि **DVR** में कैद फुटेज से यह पता चल सकेगा कि हादसे से ठीक पहले विमान में क्या-क्या हुआ। इससे पहले बरामद **ब्लैक बॉक्स** की डिकोडिंग प्रक्रिया भी चल रही है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.